भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 12 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 28 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# माण्डलगढ़ उप जिला चिकित्सालय सुविधाओं के अभाव में बीमार,कई उपकरणों के अभाव में मरीज परेशान

## उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत कर सरकार ने लूटी वाहवाही, लेकिन वर्तमान में अस्पताल में है असुविधाएं




माण्डलगढ़ : अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर बेतरतीब वाहनों की पार्किंग



माण्डलगढ़ : अस्पताल में कमरों के अभाव में वार्ड के रास्ते मे पड़ी दवाइयां



माण्डलगढ़ : अस्पताल में पर्याप्त बिल्डिंग के अभाव में रास्ते मे लगे मरीजों के बेड

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़

**(केसरीमल मेवाड़ा)**

नाम बड़े दर्शन खोटे वाली कहावत इन दिनों माण्डलगढ़ उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित उप जिला चिकित्सालय की हो रही है। राज्य सरकार ने इस अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत कर दिया गया लेकिन सुविधाओं के नाम पर अस्पताल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अस्पताल में बारिश के दौर में विभिन्न रोगों से ग्रस्त मरीजों की भरमार है। उपखण्ड मुख्यालय का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते विधानसभा क्षेत्र के लोग रोगों से निवारण की आस लेकर यहां आते है लेकिन अस्पताल में पसरी असुविधाओं से त्रस्त होकर मरीज स्वयं को कोसते नजर आते है। वर्तमान में दिन प्रतिदिन अस्पताल में मरीजों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है लेकिन मरीजों की संख्या के अनुरूप अस्पताल में सुविधा व संसाधनों के साथ पर्याप्त आवश्यक चिकित्सकों का अभाव चल रहा है। उप जिला चिकित्सालय में वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या बिल्डिंग के अभाव की बनी हुई है जिसके चलते अस्पताल में बेड की कमी के चलते अस्पताल के अंदर रास्ते मे मरीज सोने के लिए विवश हो रहे है। अस्पताल में आने वाली भारी मात्रा में दवाइयां अस्पताल के वार्ड में जाने वाले रास्ते मे रखनी पड़ रही है।

### इन चिकित्सकों के पद है सृजित-

माण्डलगढ़ नगर के उप जिला अस्पताल में वर्तमान समय मे सात चिकित्सक नियुक्त है जिसमे एक दंत चिकित्सक, तीन शिशु रोग विशेषज्ञ,एक महिला रोग विशेषज्ञ, तीन सामान्य चिकित्सा अधिकारी है। जो क्षेत्र से आने वाले मरीजों को अस्पताल में सेवाएं प्रदान कर रहे है।

### सोनोग्राफी मशीन नकारा,नई मशीन का इंतजार-

माण्डलगढ़ उप जिला चिकित्सालय को नई सोनोग्राफी मशीन का इंतजार है अस्पताल की पुरानी सोनोग्राफी मशीन नकारा हो चुकी है ऐसे में खासतौर से क्षेत्र की प्रसव पीड़ित महिलाओ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### अस्पताल में अपर्याप्त पार्किंग बनी मरीजों के लिए परेशानी का सबब-

नगर स्थित उप जिला अस्पताल में पार्किंग समस्या लंबे समय से बनी हुई है। अस्पताल में आने वाले लोग मनमर्जी के अनुसार अपने वाहन अस्पताल परिसर में खड़े कर देते है जिसके चलते अस्पताल में जाने वाले मुख्य मार्ग बाधित हो जाते है। सबसे बड़ी समस्या पार्किंग अभाव से क्षेत्र से आने वाली एम्बुलेंस को होती है जिसमे गम्भीर अवस्था मे लाए जाने वाले पीड़ित को समय पर अस्पताल के वार्ड में उपचार के लिए भर्ती नही कराया जा सकता है। अस्पताल में एम्बुलेंस के जाने वाले रास्तों में वाहनों का बेतरतीब जमावड़ा लगा रहता है ।

### अस्पताल में बाहर से जांचे कराने की समस्या बनी नासूर,मरीजों पर पड़ रही भारी-

स्थानीय अस्पताल में पर्याप्त उपकरणों के अभाव में क्षेत्र भर से उपचार के लिए आने वाले मरीजों को मजबूरन चिकित्सकों द्वारा लिखी गई कई जांचे बाहर से करवानी पड़ रही है जिसमे समय के साथ बड़ी मात्रा में मरीजों को धन खर्च करना पड़ रहा है जिसमे अस्पताल के मुख्य द्वार के आसपास लगी लेब संचालको की चांदी हो रही है। बाहर से कराई जाने वाली मुख्य जांचों में विशेष रूप से सोनोग्राफी, खून-पेशाब की जांच इत्यादि शामिल है। इन जांचो के लिए लेब संचालक मनमाने ढंग से जांच के नाम पर मरीजों से राशि ऐंठ रहे है।

### नीम हकीमो की पौ बारह-

नगर के उप जिला अस्पताल में मौजूद ख़ामियों का फायदा क्षेत्र भर में कार्यरत नीम-हकीम खुल्ले आम उपचार के नाम पर अपनी दुकानें चलाने से बाज नही आ रहे है वहीं उपचार के नाम पर मोटी कमाई कर चांदी काट रहे है । इन नीम हकीमो पर स्थानीय प्रशासन के साथ- साथ चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का भी कोई डर नही है।

### 100 बेड स्वीकृत लेकिन पर्याप्त बिल्डिंग का है इंतजार-

माण्डलगढ़ अस्पताल के उप जिला चिकित्सालय बनने के दौरान अस्पताल में सरकार द्वारा सौ बेड की मरीजों के लिए व्यवस्था करने का ऐलान किया गया था। लेकिन अस्पताल परिसर मे पर्याप्त बिल्ड उपलब्ध होने तक क्षेत्र के मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध नही हो पायेगी।

### इनका कहना है

–माण्डलगढ़ उप जिला अस्पताल में कई चिकित्सकों के पद रिक्त होने के साथ-साथ सोनोग्राफी मशीन व पर्याप्त बिल्डिंग का अभाव है। उक्त समस्याओं के बारे में चिकित्सा विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा रखा है उनके निर्देशानुसार अस्पताल में व्यवस्था ओ को सुचारू कर दिया जायेगा-

**–डॉ गोपाल यादव,चिकित्सा प्रभारी एवं ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी उप जिला अस्पताल माण्डलगढ़।**

प्रदेश की राज्य सरकार सरकारी अस्पतालों में आमजन को श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। माण्डलगढ़ अस्पताल में आने वाले मरीजों को हर प्रकार से बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी व सरकार की ओर से सभी इंतजाम कराए जा रहे है

**–गोपाल खंडेलवाल, विधायक विधानसभा क्षेत्र माण्डलगढ़।**

# माण्डलगढ़ पुलिस थाने के एसआई मीणा को हटाने की मांग,एसपी के नाम ज्ञापन सौपा

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ



श्यामपुरा पुलिस चोकी प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर श्यामपुरा क्षेत्र के लोगो ने शुक्रवार को माण्डलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई को ज्ञापन सौपकर हटाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि श्यामपुरा पुलिस चोकी प्रभारी रामलाल मीणा की कार्यशैली व बर्ताव आदर्श नही है व उक्त व्यक्ति विभिन्न प्रकरणो मे समझाईश के बजाय लोगो को लडाकर व उकसाकर स्वयं शांति व्यवस्था खराब करने पर आमादा रहता है व पीडित पक्षो से गाली गलोच करते हुए बदतमीजी से बात करता है व स्वंय के फायदे के लिए अपराधियो को संरक्षण देता है। पूर्व में भी श्यामपुरा क्षेत्र में एक युवक के गुप्तांग में मिर्ची डालने के मामले में उक्त चौकी प्रभारी अपराधियों के पक्ष में समझाईश करने के मामले में सुर्खियों में आया था। यह पुलिस अधिकारी जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी मामले मे निष्पक्ष निपटारा करने की बात करते है तो उनको भी कोई तवज्जो नही देता हे व मनमाने तरीके से कार्य करके आमजनता को परेशान करता है व भाई भतीजा वाद को बढावा देता है । दिए गए ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने रामलाल मीणा चोकी प्रभारी श्यामपुरा को माण्डलगढ थाना क्षेत्र से अविलंब हटाने मांग की है मामले में जल्द कार्यवाही नही की गई तो क्षेत्रवासी चौकी प्रभारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। ज्ञापन देते समय समाजसेवी भगवान सिंह राजपूत,बिकरण सरपंच धर्मराजसिंह राजपूत,श्यामपुरा के पूर्व सरपंच भगवान सिंह शक्तावत,बीकरण सरपंच धर्मराज सिंह शक्तावत,भाजपा नेता मुरली वैष्णव, कैलाश तेली मोहनपुरा ,मांडलगढ़ कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी गौरू लाल मीणा,रामराज मीणा, रामप्रसाद मीणा सहित श्यामपुरा चौकी क्षेत्र के क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# भीलवाडा अमृत स्टेशन बनने की ओर अग्रसर , काम तीव्र गति से जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

भीलवाड़ा स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत काम जारी है 7 अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग 16 करोड़ मे भीलवाड़ा स्टेशन का स्वरूप बदला जा रहा है, मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा के मार्गदर्शन में इस स्टेशन के कायाकल्प का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है7 इंजीनियरिंग विभाग की निगरानी में वर्तमान मे स्टेशन बिल्डिंग के संबंधित अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिए गए है ।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अजमेर बीसीएस चौधरी के अनुसार अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भीलवाड़ा स्टेशन पर 15.71 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास कार्य किए जा रहे है । अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भीलवाड़ा स्टेशन पर जारी कार्यों के अंतर्गत सेकंड एंट्री बिल्डिंग का काम पूरा कर रिजर्वेशन व बुकिंग ऑफिस शुरू कर दिया गया है साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया को डेवलप किया जा रहा है, जिसमें फिलहाल ब्लॉक लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा पार्सल ऑफिस और डोरमेट्री में फिनिशिंग का कार्य जारी है जिसके अंतर्गत लाइट व पाइप फिटिंग का वर्क किया जा रहा है । मैन स्टेशन बिल्डिंग के सर्कुलेटिंग एरिया को डेवेलप करने कार्य भी जारी है। रेलवे क्वार्टर का कार्य भी तीव्र गति से जारी है।



फुट ओवर ब्रिज का काम भी चल रहा है । भीलवाड़ा स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत जो कार्य किया जाना है वह इस प्रकार है ः- पार्सल कार्यालय के प्रावधान के साथ मुख्य भवन का विस्तार, द्वितीय प्रवेश द्वार, प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास और अलग प्रवेश और निकास द्वार, ऑटो, दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग, यात्रियों के उतरने और चढ़ने के लिए पोर्च, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग शौचालय युक्त प्रतीक्षा कक्ष, वीआईपी रूम एवं रिटायरिंग रूम, स्टेशन भवन के आंतरिक व अग्रभाग का सुधार, नए प्लेटफार्म शेल्टर, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के साथ नए शौचालय ब्लॉक और पानी बूथ, बेहतर साइनेज का प्रावधान, लिफ्ट तथा 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज जैसी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है ।

CMYK

# श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष नियुक्ति


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई के उद्देश्यों की पूर्ति एवं संगठनात्मक विस्तार के क्रम में संगठन के निर्देशों तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री नागर महिला इकाई , राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र नागर, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. कन्हैयालाल धाकड़ एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ की सहमति से संजू देवी पत्नी शशिकांत धाकड़, निवासी लक्ष्मीखेड़ा को भीलवाड़ा जिले की महिला इकाई का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन ने आशा जताई है कि संजू देवी अपने कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देंगी।

# माली (सैनी) युवा महासभा के जिलाध्यक्ष बनने पर उदय लाल माली का किया स्वागत सम्मान

## महासभा करेगी माली समाज को मजबूत- गोपाल माली



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली, जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली व माली (सैनी) कर्मचारी संस्थान के अध्यक्ष तोताराम माली के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने माली सैनी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष बनने पर उदय लाल माली का जोधडास फाटक स्थित संकल्प महाविद्यालय परिसर में स्वागत सम्मान किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष भैरूलाल माली ने बताया कि नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष उदय लाल माली का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा माला पहना साफा बंधवाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर महासभा के साथ-साथ कर्मचारी संस्था के पदाधिकारियों ने भी उनका स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें बधाई दी व कहा कि माली को जिलाध्यक्ष बनने पर भीलवाड़ा माली समाज में हर्ष की लहर व्याप्त है और माली समाज के लोगों को भी माली से बहुत सारी आशाएं है जो इनके कार्यकाल में पूरी होने की संभावना है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री माली ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के हितों के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। साथ ही प्रत्येक जिले में माली महासभा की जिला कार्यकारिणी बनाने के साथ ही माली समाज के प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को महासभा से जोड़ा जायेगा। जिससे महासभा की मजबूती के साथ-साथ समाज को भी एक नई दिशा मिलेगी व समाज भी मजबूत होगा।

स्वागत सम्मान के अवसर पर माली महासभा के जिला महामंत्री सत्यनारायण माली, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार माली, फूले सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष शंकर लाल गोयल, महासभा के नानूराम गोयल व माली सैनी कर्मचारी संस्था के सचिव कन्हैयालाल बुलिवाल, माली युवा सेवा संस्थान के अध्यक्ष पुषालाल माली, सुरेन्द्र माली, प्रभुलाल माली, लालाराम माली, रामपाल माली, कालू माली, लक्ष्मण सरिवाल, बद्रीलाल तंवर, सोशल मीडिया प्रभारी रोशन गढ़वाल, गोवर्धन माली, कल्याण माली, रामप्रसाद, दुर्गेश माली सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

## भीलवाड़ा में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल का सियासी हमला

# 'भजनलाल आज भी मुख्यमंत्री हैं, कल भी रहेंगे, हम रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदलते'

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**( मूलचन्द पेसवानी )**




राजनीतिक गरमाहट के बीच भाजपा के राजस्थान प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने शुक्रवार को भीलवाड़ा दौरे के दौरान कांग्रेस और उसके वरिष्ठ नेताओं पर तीखे शब्दों में प्रहार करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ÷आज हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हैं और कल भी वही रहेंगे। भाजपा में रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदला जाता।÷ यह बयान उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत के उस आरोप पर पलटवार करते हुए दिया जिसमें गहलोत ने दावा किया था कि भाजपा के भीतर भजनलाल शर्मा को हटाने की साजिश चल रही है। डॉ. अग्रवाल ने जवाब में कहा, ÷गहलोत जैसा अनुभव रखता है, वैसा ही विश्लेषण करता है। उन्होंने खुद सचिन पायलट को हटाने की कोशिश की, इसलिए वे सोचते हैं कि हर पार्टी में ऐसा ही होता होगा। पर भाजपा में ऐसा नहीं होता।÷ भाजपा प्रदेश प्रभारी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस में खेमेबाजी, अंदरूनी संघर्ष और विधायकों के बीच आपसी तनाव आम बात रही है। उन्होंने कहा ÷गहलोत सरकार ने सत्ता बचाने के लिए कई असंवैधानिक काम किए, जिससे लोकतंत्र कमजोर हुआ,÷। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अंदर जिस तरह पायलट और गहलोत के बीच खींचतान चली, वह कांग्रेस की आंतरिक विफलता का प्रतीक है। भाजपा में ऐसा नहीं होता। ÷हम एक विचारधारा आधारित पार्टी हैं, जहां कैडर, संगठन और नेतृत्व सब मिलकर चलते हैं। डॉ. अग्रवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा, ÷राहुल गांधी जैसा डरा हुआ व्यक्ति न तो भारत की राजनीति में मिलेगा, न ही दुनिया की राजनीति में।÷ उनका यह बयान कांग्रेस की वर्तमान स्थिति और नेतृत्व पर तीखी टिप्पणी माना जा रहा है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, डोटासरा केवल कागजों में अध्यक्ष हैं। उनकी बातों को कोई संज्ञान में नहीं लेता। अगर वे इतने ही सक्षम होते, तो सातों उपचुनाव जीतते।

### कोर कमेटी बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

भीलवाड़ा भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कोर कमेटी बैठक में डॉ. अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि यह ÷देश सर्वोपरि÷ की भावना से काम करने वाली कैडर आधारित पार्टी है। ÷हम भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा तक संगठन को सतत मजबूत कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं के विचार निर्माण, प्रशिक्षण और वैचारिक स्पष्टता पर काम करते हैं। सत्ता हमारे लिए सेवा का माध्यम है, लक्ष्य नहीं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में ढाई साल बाद महंत सरजूदास बरी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



घोड़ास डांग स्थित हनुमान मंदिर के महंत सरजूदास महाराज को पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। वे पिछले ढाई साल से न्यायिक अभिरक्षा में थे।

वर्ष 2022 में आश्रम में रह रही एक नाबालिग लड़की ने सरजूदास पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था, जबकि उसकी मां ने एसिड अटैक के प्रयास का मामला दर्ज करवाया था। एसिड अटैक मामले में पुलिस को महंत के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिले थे। वहीं, रेप के मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। महंत सरजूदास के वकील जितेन्द्र सिंह और विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि पॉक्सो कोर्ट-2 में 21 दिसंबर 2022 से लगातार सुनवाई चली। पीड़िता ने अपने बयान दर्ज कराए, लेकिन कोर्ट में उसके बयानों में बार-बार विरोधाभास सामने आया। न ही मेडिकल व फोरेंसिक जांच से कोई पुख्ता सबूत साबित हो सके। अदालत ने सभी तथ्यों और सबूतों के अभाव को देखते हुए शुक्रवार को सरजूदास को दोषमुक्त कर दिया।

### चार राज्यों में पांच आश्रमों की जिम्मेदारी

सरजूदास महाराज को 2007 में डांग के हनुमान मंदिर की गद्दी सौंपी गई थी। वे बचपन से ही ब्रह्मलीन संत रामदास के सान्निध्य में रहे। महंत बनने से पूर्व उन्हें महाराष्ट्र के जलगांव स्थित आश्रम भेजा गया था, जहां उन्होंने संत सेवा व साधना में वर्षों बिताए। संत रामदास के परलोक सिधारने के बाद सरजूदास को डांग हनुमान मंदिर सहित देशभर के 5 आश्रमों की जिम्मेदारी मिली।

इनमें भीलवाड़ा के दो, महाराष्ट्र के जलगांव, उत्तर प्रदेश के अयोध्या और उत्तराखंड के बद्रीनाथ स्थित आश्रम शामिल हैं।

# शिक्षक संघ ने एडीपीसी शर्मा से भेंट कर की शिक्षक समस्याओं पर चर्चा




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा डॉ कल्पना शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की।संगठन के जिलामंत्री महेश मंडोवरा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन पदाधिकारियों ने पदोन्नति पर एडीपीसी पद पर कार्यभार करने पर डॉ शर्मा को बुके भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। संगठन के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सह संगठन महामंत्री प्रेम शंकर जोशी,योगेंद्र जैन, सत्यनारायण खटीक आदि उपस्थित रहे ।

# भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अफीम डोडा चूरा की तस्करी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मांडल थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 76.106 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस ने इस तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त करते हुए एक आरोपी रिछपाल चौधरी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा कार्रवाई मांडल थाना प्रभारी विक्रम सेवावत के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

सहायक उपनिरीक्षक कैलाश चन्द्र ने बताया कि गुढा चौराया के पास एक्सीडेंट हुआ है, जहां मौके पर जाकर देखा तो एक कार चालक टायर चेंज कर रहा था। पुलिस को देख वह मौके से भागने लगा, जिसे डिटेंन किया गया।

पूछताछ में चालक ने कार में डोडा चुरा होना बताया । जिस पर पुलिस ने मौके पर कार की तलाशी ली तो उसमें तीन कट्टे और एक टाट की बोरी में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा मिला, जिसका कुल वजन 76.106 किलोग्राम था। पूछताछ के दौरान रिछपाल चौधरी बताया।आरोपी मादक पदार्थ की सप्लाई को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया।

आरोपी रिछपाल चौधरी पिता गोविंद लाल जाट कुचामन सिटी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

# अंकित मूल्य से अधिक राशि लेने पर खाद का लाईसेंस निलम्बित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कृषि आयुक्तालय के राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष को प्राप्त शिकायत अन्तर्गत खाद की अधिक कीमत लेने संबंधित शिकायत होने पर जांच उपरांत प्रोपराईटर पुष्पेन्द्र कुमार झंवर पुत्र दौलतराम झंवर, मैसर्स झंवर कृषि सेवा केन्द्र, शाहपुरा द्वारा एन.पी.के. (भारत ब्रांड) बैग के कृषक से 1400 रुपये के स्थान पर 1500 रुपये लेने के कारण, अधिक मूल्य लेने से उर्वरक नियंत्रण आदेश का उल्लघंन किया गया। जिसके कारण इनका लाइसेंस अनुज्ञापत्र 15 दिवस के लिए निलंबन किया गया है। संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) ने इस संबंध में जिले के समस्त कृषि आदान विक्रेताओं से अपील की कि अपने क्षेत्र में आदान यथा बीज, उर्वरक, कीटनाशी की निर्धारित राशि से अधिक नही लेवे अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है। साथ ही उक्त आदानों का बिल भी संबंधित कृषक को दिया जाये।

# राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष रविवार को रहेंगे एक दिवसीय भीलवाडा दौरे पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार, 29 जून को सुबह 9ः30 बजे अजमेर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे भीलवाडा पहुचेगे। श्री देवनानी संत श्री गंगाराम साहिब उदासीन के 29वें वार्षिक बरसी उत्सव एवं बाबा हरिराम साहिब के 75वें वार्षिक उत्सव में भाग लेंगे इसके बाद वे दोपहर 1.30 बजे अजमेर के लिए आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान करेंगे।

QUICK BITES

## चांद जी की खेड़ी पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया



(विकास जैन)

राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चांद जी की खेड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। शिविर में राखोली गांव के ग्रामीणों ने देवनारायण मंदिर और घाटा के भेरूजी के रास्ते में हो रहे अतिक्रमण को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपखंड अधिकारी राठौड़ ने पटवारी एवं गिरदावर को मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने और अतिक्रमियों को पाबंद करने के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की ओर से शिविर के दौरान सीमाज्ञान, पत्थरगड़ी, नामांतरण और आपसी सहमति से बंटवारे जैसे प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं चांद जी की खेड़ी से पिचानपुरा ग्राम को जोड़ने वाली सड़क पर डामरीकरण की मांग पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान के निर्देश भी दिए गए।

चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में टीबी के किट वितरित किए गए, जबकि एएनएम ने ग्रामीणों की शुगर व बीपी की जांच कर रोगियों को मौके पर दवाइयां भी दीं। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान हेतु शिविर में पहुंचे। शिविर में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ के साथ तहसीलदार ललित कुमार डीडवाना, गिरदावर चेनसिंह, पटवारी चेतन शर्मा, ग्राम सचिव बंशीलाल सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, खनन व्यवसाय में सरलीकरण की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

ऊपरमाल पर्यावरण समिति, बिजोलिया के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखते हुए खनन व्यवसाय से जुड़े नियमों में सरलीकरण की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि खनन गतिविधियों के लिए अनिवार्य पर्यावरण स्वीकृति (ईसी) जिला स्तर पर जारी की जाए, ताकि छोटे खनन कर्ताओं को राहत मिल सके।

शर्मा ने पत्र में लिखा कि पूर्व में भीलवाड़ा जिले से संबंधित खातेदारी लाइसेंस एवं खनिज बाउंड्रियों की ईसी जिला स्तर पर ही संबंधित विभाग द्वारा जारी की जाती थी, लेकिन वर्तमान में यह प्रक्रिया राज्य स्तर पर केंद्रित कर दी गई है। इससे खनन व्यवसायियों को अनावश्यक रूप से जटिलताओं और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि अब किसी क्षेत्र में क्वारी लाइसेंस प्राप्त करने के लिए वन विभाग की एनओसी भी आवश्यक कर दी गई है, जबकि किसी भी विभाग से एनओसी प्राप्त करना एक अत्यंत कठिन प्रक्रिया बन चुकी है। शर्मा के अनुसार, जब तक खनन व्यवसायी संबंधित अधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क नहीं करता, तब तक कोई भी एनओसी मिलना लगभग असंभव है।

शर्मा ने तर्क दिया कि वर्तमान समय में इंटरनेट और जीपीएस तकनीक की सहायता से हर प्रकार की जानकारी संबंधित विभाग स्वयं प्राप्त कर सकता है। ऐसे में खनन व्यवसायियों पर सभी दस्तावेज और अनुमतियों का बोझ डालना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि विभाग स्वयं आवश्यक एनओसी की पूर्ति करें।

पत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय छोटे खननकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए खनिज बाउंड्रियां बनाकर लॉटरी पद्धति से आवंटन किया जाता था, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला। लेकिन वर्तमान सरकार ने खनिज बाउंड्रियों का निर्माण पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने आग्रह किया कि पुनः डेलीनेटेड खनिज बाउंड्रियों का निर्माण किया जाए, जिससे छोटे खनन कर्ताओं को फिर से रोजगार मिल सके।

उन्होंने यह भी बताया कि जो खनिज बाउंड्रियां पहले से बनी हुई हैं, वे 20 से 60 वर्ष पुरानी हैं, लेकिन अब उनमें भी माइनिंग प्लान व ईसी अनिवार्य कर दिया गया है, जो कि हास्यास्पद है। इससे छोटे खननकर्ताओं का रोजगार छीना जा रहा है। शर्मा ने मांग की है कि इन डेलीनेटेड खनिज बाउंड्रियों में क्वारी लाइसेंसधारियों को ईसी व माइनिंग प्लान से मुक्त किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि खनन व्यवसायी न केवल रॉयल्टी और रेंट के रूप में सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व दे रहे हैं, बल्कि डीएमएफटी फंड के माध्यम से भी बड़ी राशि सरकार को प्राप्त हो रही है। इसके बावजूद खनन व्यवसायियों को चोरों की तरह देखा जाता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

शर्मा ने अंत में मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि खनन नीतियों में आवश्यक सरलीकरण किया जाए, जिससे अवैध खनन की समस्या भी बहुत हद तक समाप्त हो सके और छोटे खननकर्ताओं को सम्मानपूर्वक रोजगार मिलता रहे।

# सफलता की कहानी- ग्राम बच्छखेड़ा की 14 वर्षीय प्रिया भील टीबी से जंग जीतने की और अग्रसर

**प्रिया की उम्मीदों को मिला इलाज का सहारा, अंत्योदय पखवाड़े ने आसान की इलाज की राह**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बच्छखेड़ा, ब्लॉक शाहपुरा में आयोजित तृतीय दिवस के स्वास्थ्य शिविर में प्रिया भील की टीबी के इलाज के लिए राह हुई आसान। यह कहानी है 14 वर्षीय बालिका प्रिया भील पुत्री गंगाराम भील की, जिसने टीबी से जंग लड़ते हुए न केवल साहस दिखाया, बल्कि अब वह तेजी से स्वस्थ होने की ओर अग्रसर है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी के अनुसार टीबी रोग के शुरुआती लक्षणों जैसे कि खांसी, थकावट और कमजोरी को लेकर प्रिया ने 16 मई 2025 को राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बच्छखेड़ा में परिजनों के साथ पहुंचकर परामर्श लिया, जहां चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविन्द वर्मा ने सतर्कता दिखाते हुए प्रारंभिक जांच करवाई। बलगम और रक्त की जांच के पश्चात टीबी की पुष्टि हुई, जिसकी जानकारी तत्काल क्षय नियंत्रण प्रभारी डॉ. फिराज खान को दी गई।

प्रिया का उपचार 28 मई 2025 से नियमानुसार शुरू हुआ। नियमित दवा, संतुलित पोषण, सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य विभाग की टीमों की नियमित देखरेख ने इस उपचार को सशक्त बनाया। 26 जून 2025 को आयोजित शिविर में जब प्रिया पुनः जांच के लिए आई, तो उसके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार पाया गया। इस शिविर में एएनएम कविता जांगिड द्वारा प्रिया को इलाज के साथ अपनी सेहत में और अधिक सुधार के लिए ÷निक्षय पोषण किट÷ प्रदान किया गया, जो उसके पोषण स्तर को बनाए रखने में सहायक होगा। प्रिया ने बताया कि उसे पूरा विश्वास है कि सरकार की योजना में प्राप्त इलाज व पोषण सामग्री सहित, सतर्क चिकित्सा व्यवस्था और परिवार के सहयोग से वह जल्द ही इस बीमारी से पूरी तरह मुक्त हो जाएगी।

प्रिया और उसके परिजनों ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन अभियान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सजगता और मुफ्त इलाज जैसी सेवाओं के कारण उनका जीवन आसान हुआ है। प्रिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य मरीजों को संदेश दिया कि-आमजन टीबी से डरें नहीं, बस समय पर इलाज लें। यह पूरी तरह ठीक हो सकती है।

# भाजपा राजस्थान प्रभारी अग्रवाल को शिव महापुराण कथा का निमंत्रण दिया , आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने किया आमंत्रित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी राज्यसभा सांसद डॉ राधामोहन दास अग्रवाल को भीलवाड़ा में 9 से 15 सितम्बर तक प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से होने वाली शिव महापुराण कथा के लिए आमंत्रित किया गया है। भीलवाड़ा भाजपा की बैठक लेने शुक्रवार को आए प्रदेश प्रभारी अग्रवाल को श्री शिव महापुराण कथा समिति के संरक्षक एवं सांसद दामोदर अग्रवाल,अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी, कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, महापौर राकेश पाठक ने



आमंत्रित किया ओर कथा श्रवण के लिए पधारने का आग्रह किया। आमंत्रित करने वाले में अनिल दाधीच, कन्हैयालाल स्वर्णकार, बद्रीलाल सोमानी, कैलाश सोनी रामेश्वर ईनानी भी शामिल थे। उन्हें बताया गया कि संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में होने वाली कथा का लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कथा को लेकर भीलवाड़ा में उत्साह का माहौल है ओर हर धर्म व समाज का व्यक्ति इस आयोजन से जुड़कर भगवान महादेव की भक्ति में सहभागी बनने के लिए आतुर है। कथास्थल के रूप में आजादनगर महाप्रज्ञ सर्किल के पास स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड का चयन किया गया है। कथा में प्रतिदिन दो से तीन लाख भक्तगणों का सैलाब उमड़ने की संभावना है। डॉ.राधामोहन दास अग्रवाल ने शिव महापुराण कथा में आने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा आदि भी उपस्थित थे।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में विकास कार्य कर औद्योगिक संगठन व इकाईया बनाये अभियान को सफल- जिला कलेक्टर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार द्वारा गत 5 जून से 20 जून तक संपूर्ण प्रदेश में वंदे भारत गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में इस अभियान की जिले में प्रभावी क्रियान्वित हुई जिसके परिणामस्वरूप भीलवाड़ा जिला वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान में दूसरे पायदान पर रहा।



अभियान के संबंध में राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को जल संरक्षण जन अभियान के तहत सीएसआर द्वारा कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर ने इंडस्ट्री के समस्त प्रतिनिधियों को जनसाधारण की मांग अनुसार जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण की दिशा में सीएसआर के तहत कार्य करने को कहा। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण की दिशा में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति आमजन को जागरुक कर करना व सरकारी कार्यालयो से इसकी शुरुआत करना, चरागाह व तालाब को गोद लेकर विकसित करना, रिचार्ज शाफ़्ट इत्यादि कार्य करवाए जाने है।

उन्होंने इस अभियान के तहत सीएसआर प्रतिनिधियों से सुझाव मांगे और जल संरक्षण व वृक्षारोपण की दिशा में प्राथमिकता अनुसार कराये जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को आश्वस्त किया कि जल्द ही जल संरक्षण व वृक्षारोपण के क्षेत्र में औद्योगिक इकाईयों द्वारा कराये जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रस्तुत कर शुरू करेंगे।

### हरियालो राजस्थान अभियान

जिला कलेक्टर ने सीएसआर प्रतिनिधियों को हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले में किये जाने वाले पौधारोपण के लक्ष्यों की जानकारी दी एवं औद्योगिक संगठनों को ज्यादा से ज्यादा सहभागिता रखने को कहा जिससे कि अभियान की सफल क्रियान्विति हो सके।

बैठक में डीएफओ गौरव गर्ग, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा, उद्योग विभाग केके मीणा, सीएमएचओ सीपी गोस्वामी सहित संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी एवं लघु उद्योग भारती, जिंदल, बीएसएल, नितिन स्पिनर्स सहित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के सीएसआर प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता राजनीति को लक्ष्य नही राष्ट्र नीति को लक्ष्य बनाकर चले - डॉ राधा मोहनदास अग्रवाल

## कार्यकर्ताओं के सीधे दिलों से जुड़ने का दिया मंत्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री , प्रदेश प्रभारी , राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल ने कहा कि आम कार्यकर्ता राजनीतिक को लक्ष्य नहीं रख कर राष्ट्रनीति लक्ष्य बनाकर चले उन्होंने खुलकर संगठन पर चर्चा की उन्होंने मंडल अध्यक्षों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी बुथ स्थर के कार्यकर्ताओं से पारिवारिक, सामाजिक ,भावनात्मक लगाव होना चाहिए जिससे राजनीतिक कार्य स्वत ही सरल हो जाएंगे कार्यकर्ताओं को नितांत अच्छे संबंध बनाकर पार्टी के काम को प्राथमिकता देनी होगी आने वाले चुनाव के जीत का मंत्र देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के दिलों से सीधा जुडना होगा उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि एक हाथ में राजनीति का काम तो दूसरे हाथ में मोहब्बत का पैगाम होना चाहिए कार्यकर्ताओं को स्पष्ट शब्दों में कहते हुए बताया कि जीत पर इतराते तो हो पर हार का मूल्यांकन नहीं करते हो बैठक में मंडल अध्यक्षों को सभी बुथ अध्यक्षों से संगठनात्मक कार्य फोन पर बात करने के बजाए दिल में जाकर भावात्मक पारिवारिक सामाजिक लगाव नहीं बनाएंगे तब तक हारी हुई सीटे नहीं जीत सकते आज भाजपा जिला कार्यालय भीलवाड़ा पर शुक्रवार को आयोजित जिले के प्रमुख पार्टी पदाधिकारी एवं प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ जिले की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मैं भीलवाड़ा में पहली बार आने पर यह बात कही उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से व्यवस्थित मुलाकात पर जिला संगठन की पूरी-पूरी सराहना की

उन्होंने कहा कि हम भाजपा जैसी अनुशासित एवं संगठित पार्टी के कार्यकर्ता है हमें अपने संगठन को मजबूत करने के लिए नियमित प्रयास करना चाहिए भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहनदास अग्रवाल,भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल , आदेश महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल , भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा ,जिला संगठन प्रभारी रतनलाल गाडरी ,विधायक उदय लाल भडाणा , लालाराम बेरवा,गोपीचंद मीणा, लादू लाल पितलिया,गोपाल खंडेलवाल

निवर्तमान विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया , जिला प्रमुख बरजी देवी भील ,महापौर राकेश पाठक जिला कौर कमेटी के पदाधिकारी मंचस्थ थे

प्रदेश महामंत्री गोठवाल ने कहा की कोई पार्टी की संगठनात्मक संरचना का प्रारंभ बूथ से होता है इसलिए हमें अपने बूथो की क्रियाकलापों की समीक्षा नियमित करनी चाहिए संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को बूथ लेवल पर आयोजित करना चाहिए इससे संगठन भी मजबूत होगा समाज को जो हम संदेश देना चाहते हैं वह दे पाएंगे और अपने केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है अंत्योदय हमारा संदेश यानी हमारा विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए भाजपा जिला अध्यक्ष मेवाड़ा ने प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए संगठन संरचना एवं दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनने पर भीलवाड़ा जिला संगठन द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी रखी

बैठक में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने भी अपने संबोधन मे सभी का स्वागत अभिनंदन किया

बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्य योजनाओं को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया बैठक में जिला संगठन की वर्तमान स्थिति आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई इसके अलावा कार्यकर्ताओं के सशक्तिकरण और जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा हुई

प्रारंभ में सभी मंचासीन अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अंत में एक स्वर में राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ प्रारंभ में जिला पदाधिकारीयो द्वारा 51 किलो फूलों की माला अतिथियों को पहनाई गई समस्त मोर्चा पदाधिकारी द्वारा भारत वर्ष का चित्र भेंट किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष मेवाड़ा द्वारा रामलाल लाल की स्मृति चिन्ह अतिथियों को यादगार स्वरूप प्रदान की गई कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद त्रिपाठी ने किया बैठक में सभी का परिचय लेते हुए संगठन के कार्यक्रम मन की बात ,तिरंगा यात्रा,सिंदूर यात्रा ,अटल जन्म शताब्दी वर्ष ,एक देश एक चुनाव, एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई

बैठक के पश्चात पार्टी की जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक मैं संगठनात्मक विषय पर विस्तृत चर्चा हुई बैठक में जिला संगठन की वर्तमान स्थिति आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर भी चर्चा की गई कोर कमेटी की बैठक में नेताओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए सगठनात्मक विकास के लिए सुझाव दिए

संगठनात्मक बैठक में जिले के समस्त विधायक एवं अपेक्षित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियो कि गरिमामयी उपस्थिति रही अंत में एक पेड़ मां के नाम पर भाजपा जिला कार्यालय में अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया

# भाजपा राजस्थान प्रभारी अग्रवाल को शिव महापुराण कथा का निमंत्रण दिया , आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने किया आमंत्रित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी राज्यसभा सांसद डॉ राधामोहन दास अग्रवाल को भीलवाड़ा में 9 से 15 सितम्बर तक प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से होने वाली शिव महापुराण कथा के लिए आमंत्रित किया गया है। भीलवाड़ा भाजपा की बैठक लेने शुक्रवार को आए प्रदेश प्रभारी अग्रवाल को श्री शिव महापुराण कथा समिति के संरक्षक एवं सांसद दामोदर अग्रवाल,अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी, कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, महापौर राकेश पाठक ने आमंत्रित किया ओर कथा श्रवण के लिए पधारने का आग्रह किया। आमंत्रित करने वाले में अनिल दाधीच, कन्हैयालाल स्वर्णकार, बद्रीलाल सोमानी, कैलाश सोनी रामेश्वर ईनानी भी शामिल थे। उन्हें बताया गया कि संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में होने वाली कथा का लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कथा को लेकर भीलवाड़ा में उत्साह का माहौल है ओर हर धर्म व समाज का व्यक्ति इस आयोजन से जुड़कर भगवान महादेव की भक्ति में सहभागी बनने के लिए आतुर है। कथास्थल के रूप में आजादनगर महाप्रज्ञ सर्किल के पास स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड का चयन किया गया है। कथा में प्रतिदिन दो से तीन लाख भक्तगणों का सैलाब उमड़ने की संभावना है। डॉ.राधामोहन दास अग्रवाल ने शिव महापुराण कथा में आने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा आदि भी उपस्थित थे।




QUICK BITES

## उपनिदेशक डॉ. सोनल को सांख्यिकी अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिले के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में उपनिदेशक पद पर कार्यरत डॉ. सोनल राज कोठारी को सांख्यिकी क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य सरकार द्वारा ÷राज्य स्तरीय प्रो. पी.सी. महालनोबिस सांख्यिकी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान उन्हें 29 जून को सांख्यिकी दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय यह सम्मान कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर ( R.I.C.), संस्थान पथ, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर में सुबह 9.30 बजे आयोजित होगा, जिसमें डॉ. कोठारी को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

## 6 जुलाई को पुर के श्री राम व्यायाम शाला में होगा जूनियर जूडो भीलवाड़ा टीम का चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा जिला जूडो संघ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ऑपन जूनियर जूडो भीलवाड़ा टीम का चयन दिनांक 06जुलाई रविवार को दिन में 3.30 बजे श्रीराम व्यायामशाला जूडो सेन्टर पुर में ट्रायल के आधार पर किया जायेगा ।

जिला जूडो सचिव चेतन चोबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले का कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकेगा । तथा जन्म वर्ष 2005 से 2010 वाले खिलाड़ी ही भाग ले सकेगें । बालक वर्ग में 55, 60, 66 ,73, 81, 90, 100, +100 द्मद्द भार वर्ग तथा बालिका वर्ग में 44, 48, 52, 57, 63, 70, 78, +78द्मद्द भार वर्ग मे अलग अलग वजन में भाग लेगे,जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को तीन वर्ष पुराना अपना जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड , दो फोटू तथा ड्डद्ब मेडिकल प्रमाण -पत्र की प्रतिया लेकर जूडो सेन्टर कार्यालय पुर में जूडो प्रशिक्षक जगदीश राजोरा, भगवती लाल शर्मा के पास नाम पंजिकरण कराना होगा ।

इस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी ही राजस्थान जूडो संघ के तत्वाधान मे तथा राज्य जूडो महासचिव महिपाल ग्रेवाल के सानिध्य में दिनांक 18 से 20 जुलाई 2025 तक खण्डेला (सीकर ) में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे, चौबे ने बताया की खिलाडी खेल किट के साथ उपस्थित होंगे ।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890